डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
उत्तर प्रदेश सरकार

पत्रांक : 228 /फा0 सं0–240/डी.एस.एम.एन.आर.यू./2018–19 दिनांकः12 मई, 2018

श्रीमती बिन्दू त्रिपाठी
सहायक कुलसचिव,
विश्वविद्यालय।

विश्वविद्यालय के पूर्व निर्गत पंत्राकः 132/फा0सं0–240/डी.एस.एम.एन.आर.यू./2018–19 दिनांकः 04 मई, 2018 में आंशिक संशोधन करते हुए अवगत कराना है कि केन्द्रीय पुस्तकालय का भवन पूर्णरूपेण तैयार हो गया है, जो शीघ्र ही विश्वविद्यालय को हस्तान्तरित होना प्रस्तावित है। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय के अधिकांश विभागों में विभागीय पुस्तकालय संचालित है, जिनमें एकरूपता के अनुसार कोई तन्त्र विकसित नहीं है और न ही कोई प्रशिक्षित पुस्तकालयाध्यक्ष ही उपलब्ध है। विभागीय पुस्तकालयों एवं केन्द्रीय पुस्तकालय के प्रबन्धन एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए आपको केन्द्रीय पुस्तकालय का प्रभारी नामित किया जाता है।

इसके अतिरिक्त उक्त केन्द्रीय पुस्तकालय के संचालन में प्रारम्भिक चरण से लेकर पूर्ण रूपेण स्थापित किये जाने हेतु आपसे अपेक्षा है कि अन्य विश्वविद्यालयों के केन्द्रीय पुस्तकालयों से सम्पर्क स्थापित करते हुए वहॉ पर संचालित नवीन तकनीकी व्यवस्थाओं का अध्ययन करते हुए इस विश्वविद्यालय के पुस्तकालय को तकनीकी रूप से लाभान्वित कराये जाने हेतु विस्तृत रूपरेखा, मूल–भूत आवश्यकता एवं होने वाले विभिन्न व्ययों पर अपने सुझावों/संस्तुतियों को समय–समय पर कुलपति महोदय के समक्ष प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

इस कार्य में समय–समय पर तकनीकी सहयोग सुश्री पूजा अग्रवाल, सिस्टम एनालिस्ट द्वारा प्रदान किया जायेगा। इसके अतिरिक्त अन्य विश्वविद्यालयों के केन्द्रीय पुस्तकालय में समन्वय स्थापित करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा आवश्यकतानुसार संसाधन उपलब्ध कराया जायेगा।

(मधुरेन्द्र कुमार पर्वत)
कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या व दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
3. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष विश्वविद्यालय।
4. समस्त अधिकारीगण, विश्वविद्यालय।
5. सुश्री पूजा अग्रवाल, सिस्टम एनालिस्ट।
6. समस्त विभागीय पटल सहायक।
7. विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
8. गार्ड फाइल।

(मधुरेन्द्र कुमार पर्वत)
कुलसचिव